तापमान

भोपाल	30.2°	24.4°
इंदौर	28.5°	22.6°
जबलपुर	32.0°	24.8°
ग्वालियर	33.1°	25.8°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 250, पृष्ठ 12)
बुधवार 7 अगस्त, 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... प्रकृति से जो पाया है उसे लौटाने का प्रयास है...


खेल... नीरज चोपड़ा ने पहले ही प्रयास में फाइनल में प्रवेश...

व्यापार... सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1.355 अंक तक टूटा...

देश-विदेश... चीन को समर्पित हो सकती है बांग्लादेश...

www.naiduniaonline.com

बांग्लादेश में राष्ट्रपति ने की संसद भंग, खालिदा जिया रिहा

अमेरिका ने रद्द किया शेख हसीना का वीजा

नईदिल्ली(एजेंसी)। शेख हसीना के बांग्लादेश के प्रधान मंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के एक दिन बाद, राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने अंतरिम प्रशासन के गठन का रास्ता बनाने के लिए देश की संसद को भंग करने की घोषणा की।

राष्ट्रपति शहाबुद्दीन की तीनों सशस्त्र बलों के प्रमुखों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और भेदभाव के खिलाफ छात्र आंदोलन के नेताओं के साथ एक बैठक के निर्णय के आधार पर, राष्ट्रीय संसद को भंग कर दिया गया। इसमें आगे कहा गया कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया को जेल से रिहा कर दिया गया है। अमेरिका ने शेख हसीना का अमेरिकी वीजा रद कर दिया है। उसने कहा है कि शेख हसीना का अमेरिका में स्वागत नहीं है। शेख हसीना और अमेरिका के बीच रिश्ते बहुत तनावपूर्ण थे। बयान में कहा गया है कि 1 जुलाई से 5 अगस्त तक छात्र आंदोलन और विभिन्न मामलों में हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिनमें से कई को पहले ही रिहा किया जा चुका है। इससे पहले दिन में बीएनपी अध्यक्ष और पूर्व प्रधान मंत्री खालिदा जिया को भी रिहा कर दिया गया था। राष्ट्रपति की प्रेस टीम ने कहा कि शहाबुद्दीन के नेतृत्व में एक बैठक में बेगम खालिदा जिया को तुरंत रिहा करने का सर्वसम्मति से निर्णय (शेष पेज 2 पर)

अमेरिका में वाणिज्य दूतावास पर कट्टरपंथियों ने बोला धावा

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) समर्थकों के एक समूह ने मंगलवार को शेख हसीना के पिता और पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीर हटाने के लिए न्यूयॉर्क में बांग्लादेश वाणिज्य दूतावास पर धावा बोल दिया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें, सिर पर लाल और बांग्लादेशी झंडा पहने हुए कई सदस्यों को वाणिज्य दूतावास पर धावा बोलते हुए देखा जा सकता है, जबकि अधिकारी स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो के अंत में पूर्व प्रधान मंत्री खालिदा जिया की पार्टी के कुछ सदस्यों को एक मेज की शेल्फ पर रखी शेख मुजीबुर रहमान की सभी तस्वीरों को हटाते हुए देखा गया।

सर्वदलीय बैठक में चर्चा

सरकार ने मंगलवार को संसद भवन में एक सर्वदलीय बैठक में बांग्लादेश में राजनीतिक घटनाक्रम पर गहन चर्चा की तथा राष्ट्रीय आम सहमति कायम करने की कोशिश की। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति और बांग्लादेश में सामने आ रहे हालात पर भारत के रुख के बारे में भी जानकारी दी। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में संसद भवन में हुई बैठक की तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में चल रहे घटनाक्रम के बारे में आज संसद में एक सर्वदलीय बैठक में जानकारी दी गयी।

एशिया का सबसे सेफ एयरबेस बना शेख हसीना का नया ठिकाना

आसमान में हर पल उड़ते हेलीकॉप्टर, गरूड़ कमांडो का सबसे मुस्तैद पहरा इस समय हिंडन एयरबेस पूरी तरह से भारतीय वायुसेना की निगरानी में आ चुका है। पूरी तरह से हिंडन एयरबेस को अपने सुरक्षे घेरे में लेते हुए वायुसेना ने पक्का किया है कि शेख हसीना को सुरक्षित रखा जाए। शेख हसीना के लिए सबसे कठिन और कमजोर 24 घंटे थे। जान को खतरे के बीच शेख हसीना बांग्लादेश छोड़ भारत तो आ गईं। लेकिन अब तक उन्हें मिल रहे संरक्षण के पीछे भारतीय वायु सेना के गरूड़ कमांडोज की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। हिंडन एयरबेस एशिया का सबसे सुरक्षित एयरबेस माना जाता है। वो एयरबेस जिसपर भारतीय वायुसेना का फुल कंट्रोल है। जहां से वायु सेना सबसे ज्यादा संचालित होती है। जहां पर भारतीय वायुसेना के एक से बढ़कर एक विमान और फाइटर जेट मौजूद हैं। शेख हसीना ने अब तक भारत नहीं छोड़ा है। खबरे थी कि शेख हसीना बांग्लादेश से लंदन जाएंगी। इसके लिए उन्होंने सबसे पहले भारत आना चुना। भारत आने के बाद शेख हसीना अभी तक यहां से नहीं गई हैं। किसी सेफ जगह उन्हें ले जाया जाए इससे पहले उन्हें हिंडन एयरबेस के सेफ हाउस में रखा गया है। जहां पर हर पल उनकी संरक्षण के लिए गरूड़ कमांडोज मौजूद हैं। हिंडन एयरबेस का सेफ हाउस किले में तब्दील हो (शेष पेज 2 पर)

स्थिति पर भारत की पैनी नजरः जयशंकर

विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने मंगलवार संसद में कहा कि सरकार बांग्लादेश के राजनीतिक घटनाक्रम से बहुत चिंतित है तथा जब तक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एवं देश की कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, वहां हमारी पैनी नज़र रहेगी। डा. जयशंकर ने बांग्लादेश के घटनाक्रम पर संसद के दोनों सदनों लोकसभा एवं राज्यसभा में एक बयान में कहा कि पड़ोसी देश का राजनीतिक घटनाक्रम चिंता का विषय है और सरकार अपने राजनयिक मिशनों के माध्यम से वहां रह रहे भारतीय नागरिकों से बराबर संपर्क बनाये हुए है।

उन्होंने कहा कि वहां भारत के 19 हजार नागरिक हैं जिनमें करीब नौ हजार छात्र हैं और इनमें से काफी छात्र जुलाई में स्वदेश आ गये थे। हमारी राजनयिक उपस्थिति के संदर्भ में, ढाका में उच्चायोग के अलावा, हमारे पास चटगांव, राजशाही, खुलना और सिलहट में सहायक उच्चायोग (शेष पेज 2 पर)

बसपा केंद्र के हर फैसले के साथः मायावती

बांग्लादेश में जारी हिंसक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी पड़ोसी मुल्क के हालात के मद्देनजर केंद्र सरकार द्वारा लिये जाने वाले हर फैसले का समर्थन करेगी।

राहुल ने दिया सरकार को सहयोग का भरोसा

कांग्रेस नेता तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि बांग्लादेश में शांति बहाली को लेकर वह सरकार को हर तरह से अपना समर्थन देंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्री गांधी ने बांग्लादेश के मुद्दे पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सरकार से विदेश नीति पर भी सवाल पूछा लेकिन कहा कि बांग्लादेश में जारी संकट को रोकने के लिए वह सरकार को समर्थन देंगे।

सेना की सरकार स्वीकार्य नहीं : छात्र संगठन

बांग्लादेश के छात्र संगठनों ने कहा है कि देश में कोई भी सैन्य या सैन्य समर्थित सरकार स्वीकार्य नहीं होगी और केवल छात्र आंदोलन की ओर से अनुमोदित सरकार को ही शासन करने की अनुमति दी जायेगी। बांग्लादेश के समाचारपत्र डेली स्टार ने छात्र नेता नाहिद इस्लाम की ओर से जारी वीडियो संदेश के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

खास-खबरें

भारतीय नागरिकों को लीबिया की यात्रा से बचने की सलाह

नईदिल्ली(एजेंसी)। विदेश मंत्रालय ने लीबिया में इस समय सुरक्षा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को भारतीय नागरिकों को वहां की गैर-जरूरी यात्रा से बचने की नयी सलाह दी है। मंत्रालय ने लीबिया के बारे में 23 मई 2016 की प्रेस विज्ञप्ति में आंशिक संशोधन करते हुए भारतीय नागरिकों पर वहां की यात्रा करने पर प्रतिबंध लगाया है। संशोधित परामर्श में लीबिया में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को लीबिया की गैर-जरूरी यात्रा से बचने को कहा गया है। मंत्रालय ने कहा है कि इस समय लीबिया में रह रहे भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे वहां सावधानी से रहे, सड़क मार्ग से एक प्रांत से दूसरे प्रांत की यात्रा से बचें और किसी आपातकालीन स्थिति में फंसने पर त्रिपोली में भारतीय दूतावास से फोन नंबर 218943992046 पर संपर्क में रहें।

युसनेलिस को हराकर विनेश महिला कुश्ती के फाइनल में

पेरिस(एजेंसी)। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा फ्रीस्टाइल मुकाबलों में लगातार शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए क्यूबा की युसनेलिस गुजमान लोपेज को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। इस जीत के साथ विनेश ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गईं। 29 वर्षीय विनेश ने पेरिस ओलंपिक में पदक पक्का कर लिया है। यह ग्रीष्मकाली खेलों में उनका पहला पदक होगा।

उत्तराखंड से लेकर महाराष्ट्र तक आफत बना मानसून, उत्तरप्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी

नईदिल्ली(एजेंसी)। भारत में उत्तरांखड से लेकर महाराष्ट्र तक में आफत की बारिश हो रही है। कई राज्यों में नदियों के उफान पर आने की वजह से बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। पहाड़ी इलाकों में लैंडस्लाइड व बादल फटने की घटनाओं ने लोगों को सहमा दिया है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि हिमाचल प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, पश्चिम उत्तर प्रदेश, पश्चिम राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, असम और मेघालय में 7 अगस्त को तेज बारिश होगी। इन राज्यों (शेष पेज 2 पर)

कंगना ने किया हिमाचल के बाढ़ पीड़ित इलाकों का दौरा पीएम मोदी से मांगी मदद

शिमला(एजेंसी)। अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रनौत ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और वह काफी भावुक दिखीं। अभिनेत्री, जो मंडी से भाजपा सांसद भी हैं, बाढ़ के प्रभाव का आकलन करने और राहत कार्यों का निरीक्षण करने के लिए राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने बाढ़ में अपने घर खोने वाले कई निवासियों से मुलाकात की।

अगला टारगेट मुकेश अंबानीः मंदिर की दान पेटी में मिला धमकी भरा स्टांप पेपर, मचा हड़कंप

ग्वालियर(एजेंसी)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अचलेश्वर महादेव का मंदिर है। सोमवार को सावन के चलते यहां श्रद्धालुओं ने पूजा-पाठ किया। शाम को जब पुजारियों ने मंदिर की दान पेटी खोली तो उसमें एक स्टांप पेपर मिला। पुजारियों ने स्टांप पेपर में लिखी बात पढ़ी तो उनके रोंगटे खड़े हो गए। तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस ने पेपर पढ़ा तो वो भी हैरान रह गए। इसमें भारत के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी को धमकी दी हुई थी। स्टांप पेपर में लिखा था- मेरा अगला टार्गेट मुकेश धीरूभाई अंबानी मुंबई। इसमें मनोज शर्मा पुत्र रामेश्वर दयाल शर्मा निवासी बालाजी विहार गुढ़ी गुढ़ा का नाका, कंपू ग्वालियर भी लिखा था। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

8 अगस्त से घाटी के दो दिवसीय दौरे पर ईसी की टीम, सितंबर में चुनाव की उम्मीद

नईदिल्ली(एजेंसी)। चुनाव आयोग की टीम 8 अगस्त से 2 दिवसीय दौरे पर जम्मू-कश्मीर पहुंच रही है। उम्मीद है कि घाटी में चुनाव लगभग छह साल के अंतराल के बाद सितंबर में हो सकते हैं। निर्वाचन आयोग विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेगा। इसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू भी होंगे। यह दौरा केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने के लिए उच्चतम न्यायालय की 30 सितंबर की समयसीमा से कुछ हफ्ते पहले होगा। आयोग दस अगस्त को कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक के लिए जम्मू का दौरा करेगा। ऐसी उम्मीद है कि घाटी में चुनाव लगभग छह साल के अंतराल के बाद सितंबर में हो (शेष पेज 2 पर)

स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर ली जा रही 18 प्रतिशत जीएसटी हटाए जाने की मांग को लेकर...

विपक्ष ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

नईदिल्ली(एजेंसी)। मोदी सरकार के खिलाफ लगातार हमलावर विपक्षी पार्टियों ने आज एक बार फिर सदन में शोर शराबा किया और संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इंडिया पार्टियों के नेताओं ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर ली जा रही 18 प्रतिशत जीएसटी तुरंत हटाए जाने की माँग को लेकर प्रदर्शन किया। विपक्ष के नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने 'वसूली बजट' में हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस सेवाओं पर जीएसटी बढ़ा दिया है, इससे जनता को इन सुविधाओं के लिए ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। मोदी सरकार की इस वसूली के खिलाफ इंडिया गठबंधन के नेता चुप नहीं रहेंगे और जब तक ये वापस नहीं होता विरोध जताते रहेंगे। संसद परिसर में इंडिया पार्टियों ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी तुरंत हटाए जाने की माँग की, पार्टियों ने कहा कि ये यह ज़बरदस्ती उगाही हमारी जनता, ख़ासकर मध्यम वर्ग पर कड़ा प्रहार है। मध्यम वर्ग (शेष पेज 2 पर)

संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल से मिले राहुल गांधी, एमएसपी को लेकर दी गारंटी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी और कर्ज से मुक्ति के लिए सरकार पर दबाव डालने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संसद भवन परिसर में उनके कार्यालय में गांधी से मुलाकात की, जहां उन्होंने एमएसपी पर कानूनी आश्वासन की अपनी मांग दोहराते हुए, देश भर के किसानों की विभिन्न कठिनाइयों पर प्रकाश डाला। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल और जयराम रमेश भी बैठक में उपस्थित थे।

आईएमए अध्यक्ष से सुको ने कहा-अपने पैसे से हर अखबार में माफीनामा छपवाना होगा

नईदिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन से कहा कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट की आलोचना करने वाले अपने बयानों के लिए सभी प्रमुख समाचार पत्रों में माफीनामा प्रकाशित करना होगा। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह भी कहा कि यह काम उन्हें व्यक्तिगत रूप से करना चाहिए न कि आईएमए की ओर से और इसका खर्च अपनी जेब से वहन करना चाहिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया, माफी आपको देनी होगी, आईएमए को नहीं। इसके बाद अशोकन को प्रमुख समाचार पत्रों में माफीनामा प्रकाशित करने में सक्षम बनाने के लिए मामले को स्थगित कर दिया गया। मामले को स्थगित करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह प्रस्तुत किया गया है कि अवमानना कार्यवाही को स्थगित किया जा सकता है ताकि आवेदक प्रमुख समाचार पत्रों में अपनी माफी प्रकाशित कर सके और खुद को अवमानना से मुक्त कर सके।

स्पेशल खबर *लोकसभा में विपक्ष ने वित्त विधेयक पर चर्चा की शुरुआत में कहा*

गरीब पर सरकार ने कर बोझ बढ़ाया, अमीरों को राहत

नईदिल्ली(एजेंसी)। विपक्ष ने कहा है कि सरकार ने मध्यम वर्ग पर और गरीबों पर कर का बोझ डाल कर उनके जीवन को कठिन बना दिया है, जबकि अमीरों को कर में राहत देकर गरीबी तथा अमीरी के बीच की खाई को बढ़ाने का काम किया है।

लोकसभा में कांग्रेस के डॉ. अमरसिंह ने वित्त विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार ने बजट में गरीबों, नौकरी पेशा वाले लोगों तथा मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं दिया है, जबकि अमीरों को खूब राहत देने का काम किया है। वित्त विधेयक को देखकर लगता है कि सरकार की मंशा आम आदमी से एक-एक पैसा वसूल करना तथा अमीरों को कर से छूट देने की है।

उन्होंने कहा कि सरकार व्यक्तिगत स्तर के कर को ऊपर ला रही है और कारपोरेट टैक्स को नीचे ले जा रही है। पिछले दस साल में अमीरों के कर कम हुए हैं जबकि आम आदमी पर टैक्स का बोझ लादा गया है। कर से बचने के लिए मध्यम वर्ग का व्यक्ति बचत करके जो उपाय करता था उसकी सीमा को खत्म कर दिया गया है, यहां तक कि गृह ऋण में मिलने वाले कर को भी कम कर दिया गया है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने वृद्धों को भी नहीं छोड़ा है और उनकी आय सीमा को भी घटा कर उन पर कर का शिकंजा कसा जा रहा है। पहले वृद्धों के लिए कर सीमा पांच लाख रुपए होती थी, लेकिन अब उसे घटाकर तीन लाख कर दिया है। उनका कहना था कि यदि बूढों की आय पर यह कर कम किया जाता और इसे पांच लाख रुपए ही रखा जाता तो इससे लोगों की खरीद क्षमता बढती और इसका सीधा लाभ देश को होता इसलिए उनकी सीमा को पहले की तरह ही रखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार खुद को किसानों का हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन इसमें सच्चाई नहीं है और उसके काम किसानों के हित में नहीं हैं।

बांग्लादेश की स्थिति पर कड़ी नजर रखने की जरूरतःफारूक

श्रीनगर(एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि देश को बांग्लादेश में उभरती स्थिति पर सावधानीपूर्वक नजर रखने की जरूरत है। श्री फारूक ने श्रीनगर में मीडियाकर्मियों से कहा, अब पूर्वी मोर्चा खुल गया है। हमें बेहद सावधान रहना चाहिए और हमें स्थिति पर बहुत ध्यान से नजर रखनी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि इसका समाधान हो जाएगा। मुझे उम्मीद है कि वे इस संकट से उबरने में सफल होंगे। उन्होंने कहा, बेरोजगारी एक बड़ा कारण है और दूसरा, देश की आर्थिक स्थिति बहुत ख़राब है।